भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 147

02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

एनसीसी इकाइयां और कैडेट

147. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे :
श्री बिद्युत बरन महतो :
श्री देवजी पटेल :
श्री दिलीप शइकीया :
श्री रंजीतसिंह नाईक निम्बालकर :
श्री नारणभाई काछड़िया :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितनी एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) इकाइयां हैं और इनमें राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने कैडेट हैं;

(ख) क्या सरकार ने एनसीसी में युवा नागरिकों के नामांकन में वृद्धि हेतु कोई नई योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश के युवा नागरिकों में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन और स्वयंसेवा का आदर्श विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): वर्तमान में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की 829 इकाइयां हैं जिनमें भारत के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को मिलाकर 15,49,789 नामांकित कैडेटों की क्षमता है ।

(ख) और (ग) : सरकार ने जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख संघ-राज्य क्षेत्रों में 04 एनसीसी ईकाइयों के गठन को मंजूरी दी है ।

(घ) : एनसीसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का निर्माण देश के युवाओं में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों के विकास तथा युवा वर्ग को सशस्त्र सेनाओं में कैरियर बनाने हेतु प्रेरित करने के लिए किया गया है । समाज सेवा और सामुदायिक विकास की गतिविधियों पर भी बल दिया जाता है ।

*****